प्रादेशिक समाचार

02.07.2025 (संध्या–1900 बजे)

<u>मुख्य समाचार</u>

1. प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सरायकेला में 120 लाभुकों को मिले नए मकान, सांसद जोबा मांझी ने कहा– गरीबों को पक्का मकान देना सरकार की ऐतिहासिक पहल।

2. जमशेदपुर में आयोजित झामुमो की बैठक मे संगठन विस्तार और कमिटी गठन पर हुई चर्चा, मंत्री रामदास सोरेन ने कहा– हर वर्ग तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना राज्य सरकार की प्राथमिकता।

3. हजारीबाग में डाक विभाग ने केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर विकास कार्यक्रम किया आयोजित, सुकन्या समृद्धि योजना, डाक जीवन बीमा सहित अन्य योजनाओं के लाभ की दी गई जानकारी।

4. राजकीय श्रावणी मेला की तैयारी को लेकर मुख्य सचिव ने की समीक्षा, श्रद्धालुओं की सुविधा को दी प्राथमिकता, देवघर प्रशासन ने यातायात व्यवस्था में रूट डायवर्जन और नो एंट्री प्वाइंट किए लागू

5. बोकारो में तीन दिवसीय कोयला क्षेत्र पुलिस ड्यूटी मीट का हुआ शुभारंभ, प्रतिभागियों की दक्षता जांचने के लिए स्टेट फॉरेंसिक और सीआईडी टीम मौजूद।

*******************

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सरायकेला खरसावां जिले के आदित्यपुर नगर निगम क्षेत्र में 120 लाभुकों को नवनिर्मित मकानों की चाबियां सौंपी गईं। गृह प्रवेश कार्यक्रम में सिंहभूम सांसद जोबा मांझी, सरायकेला उपायुक्त नीतीश कुमार सिंह और नगर निगम प्रशासक रवि प्रकाश मौजूद रहे। नगर निगम प्रशासक ने बताया कि योजना के तहत कुल 780 फ्लैट बनाए जा रहे हैं, जिनमें से 120 फ्लैट पहले चरण में तैयार हो चुके हैं। सांसद जोबा मांझी ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना सरकार की एक ऐतिहासिक पहल है, जिससे गरीब और भूमिहीन लोगों को पक्का मकान मिल रहा है।

*******************

जमशेदपुर मे झामुमो की पूर्वी सिंहभूम जिला कमिटी की अहम बैठक आयोजित हुई, जिसमें संगठन के विस्तार और सरकारी योजनाओं के प्रचार को लेकर रणनीति बनाई गई। बैठक में मंत्री रामदास सोरेन, विधायक संजीव सरदार और पार्टी प्रवक्ता बिनोद पांडे सहित कई नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। मौके पर सभी प्रखंडों और पंचायतों से आए प्रतिनिधियों ने जिला, नगर, प्रखंड और पंचायत स्तर पर कमिटी गठन पर विस्तृत चर्चा की। मंत्री राम दास सोरेन ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि बैठक मे पार्टी की कमिटियों की भूमिका पर विचार–विमर्श किया गया ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ हर वर्ग तक पहुँच सके।

*******************

हूल दिवस के मौके पर भोगनाडीह में हुई घटना को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा ने भारतीय जनता पार्टी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पार्टी के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि राजकीय समारोह में इस तरह की घटना होना चिंता का विषय है और मुख्यमंत्री को जांच का आदेश देना चाहिए।

*******************

हजारीबाग में डाक विभाग द्वारा डाक सामुदायिक विकास कार्यक्रम सह व्यावसायिक विकास कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में केंद्र सरकार की डाक जीवन बीमा, ग्रामीण डाक जीवन बीमा और सुकन्या समृद्धि योजना के लाभों की जानकारी दी गई। डाक सेवा के निदेशक आर. वी. चौधरी ने बताया कि डाक विभाग प्रधानमंत्री की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड में अन्य बैंकों की तुलना में डाक विभाग ने सबसे अधिक सुकन्या समृद्धि योजना के खाते खोले हैं।

*******************

राजकीय श्रावणी मेले की तैयारियों को लेकर मुख्य सचिव अलका तिवारी ने आज देवघर में आला अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की जिस मे उन्होंने भीड़ नियंत्रण, सुरक्षा, आपातकालीन व्यवस्था, स्वच्छता और श्रद्धालुओं की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने बारिश के मौसम को देखते हुए साफ–सफाई, शुद्ध पेयजल, टेंट सिटी में बेहतर व्यवस्था और डिस्पोजल बेड कवर की समय पर व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। मेला क्षेत्र में भीड़–भाड़ को नियंत्रित करने के लिए भारी वाहनों, बसों, ट्रकों और व्यवसायिक वाहनों के लिए नो एंट्री, वन–वे और रूट डायवर्जन तय किए गए हैं।

*******************

पश्चिमी सिंहभूम जिले में रहने वाले सैनिकों, पूर्व सैनिकों, उनके परिवार जनों एवं आश्रितों को जल्द ही मिलिट्री कैंटीन की सुविधा मिल सकेगी।

*******************

बोकारो में तीन दिवसीय कोयला क्षेत्र पुलिस ड्यूटी मीट का उद्‌घाटन आज पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह ने किया। इस ड्यूटी मीट में बोकारो और धनबाद जिले के 27 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं, जिनकी दक्षता जांचने के लिए स्टेट लेवल फॉरेंसिक टीम और सीआईडी के अधिकारी मौजूद हैं। सफल प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय पुलिस ड्यूटी मीट में भाग लेने का अवसर मिलेगा। मौके पर एसपी हरविंदर सिंह ने कहा कि प्रतिभागी अनुसंधान, फॉरेंसिक और एविडेंस कलेक्ट करने सहित विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा दिखाएंगे।

*******************

टाटानगर से होकर गुजरने वाली कई ट्रेनों के समय और रूट में रेलवे ने अगस्त और सितंबर में परिवर्तन किया है। प्रभावित ट्रेनों में हटिया–झारसुगुड़ा एक्सप्रेस, टाटानगर–इतवारी एक्सप्रेस, राउरकेला–पुरी एक्सप्रेस सहित कई प्रमुख ट्रेनें शामिल हैं। रेलवे ने यात्रियों से यात्रा से पहले ट्रेन का स्टेटस जांचने की अपील की है।

*******************

<u>संक्षिप्त खबरें–</u>

1) पाकुड़ में शहीद पुलिस अधीक्षक अमरजीत बलिहार सहित पांच जवानों की 12वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर चौक का नामकरण बलिहार चौक कर नई स्थापित प्रतिमा का अनावरण उपायुक्त मनीष कुमार और पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी ने किया। कार्यक्रम में शहीद जवानों के परिजनों को भी सम्मानित किया गया।

2) साहेबगंज में निःक्षय मित्र योजना के तहत आज संयुक्त स्वास्थ्य भवन परिसर में 6 टीबी मरीजों को गोद लिया गया और उन्हें पोषण किट वितरित की गई।

*******************

राज्य में अगले पांच दिनों के लिए मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। कल रामगढ़, हजारीबाग, कोडरमा, चतरा, लातेहार और लोहरदगा में भारी वर्षा की चेतावनी दी गई है।

*******समाप्त********